दैनिक
# नईदुनिया
नव वर्ष की शुभकामनाएं
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित
HAPPY NEW YEAR 2025


**राजधानी...** उज्जैन को मूर्ति-शिल्प का केंद्र बनाने के प्रयास...

**खेल...** एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने...

**व्यापार...** अडानी ने साल जाते-जाते की जमकर कमाई...

**देश-विदेश...** हेलेरी क्लिंटन की भविष्यवाणी सच हुई, आतंक...

www.naiduniaonline.com


वर्ष- 78 (भोपाल: वर्ष 40 अंक 34,पृष्ठ 12) बुधवार 1 जनवरी 2025 राजधानी संस्करण कीमत: 3:00 रुपये

*सरकार 2025 में और अधिक मेहनत करने तथा...*

# विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित: मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 में उनकी सरकार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक मेहनत करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।**

श्री मोदी ने माई गोव इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए वीडियो पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास और परिवर्तनकारी परिणाम! 2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिन्हें इस वीडियो में बहुत ही शानदार ढंग से दर्शाया गया है। हम 2025 में और भी अधिक मेहनत करने और विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मोदी ने मंगलवार को आत्मविश्वास से भरे भारत के मूड को दर्शाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देश के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही 2024 में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद किया। मोदी ने इसे एक काव्यात्मक उत्सव



(पोएट्री सेलिब्रेशन) बताते हुए एक्स पर साझा अपनी पोस्ट में कहा कि मेरा भारत बढ़ रहा।

पीएम मोदी ने एक भावपूर्ण संदेश में लिखा कि स्पेस से लेकर धरती तक, रेलवे से लेकर रनवे तक, संस्कृति से लेकर नवाचार तक, भारत के लिए 2024 अभूतपूर्व प्रगति और परिवर्तन के वर्ष के रूप में दर्ज किया गया! पीएम मोदी ने कहा कि यह एक काव्यात्मक उत्सव है क्योंकि हम 2025 में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने नए साल के पोस्ट में 2.41 मिनट का एक वीडियो-एनिमेशन शेयर किया, जिसमें साल 2024 में हासिल की गई उपलब्धियों को दर्शाया गया। वीडियो में देश के अंतरिक्ष प्रक्षेपण, सुपर-कंप्यूटिंग, रक्षा विनिर्माण में वृद्धि, विमानन उद्योग में वृद्धि, पानी के नीचे हावड़ा मैदान मेट्रो, रामेश्वरम रेल पुल और वंदे भारत रेल जैसे बुनियादी ढांचे के चमत्कार शामिल हैं। वीडियो में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि और जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास, अबू धाबी में पहले मंदिर और तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू करने को भी उजागर किया गया। 2024 में सरकार के प्रदर्शन के वर्चुअल रिपोर्ट कार्ड, एनीमेशन क्लिप में अर्थव्यवस्था के बारे में विशेष जानकारी दी गई। 700 बिलियन डॉलर के विदेशी भंडार को उजागर करने के अलावा, इसने एशिया में तीसरी सबसे बड़ी ताकत के रूप में देश के उभरने और 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने को भी दर्शाया। रोजगार सृजन के मोर्चे पर, वीडियो में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपये के पैकेज को भी उजागर किया (शेष पेज 2 पर)

## मोदी के नेतृत्व में 2024 में भारत की प्रगति को दुनिया ने सराहा

आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत के उदय ने विश्व को आकर्षित किया है,वैश्विक नेताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्योगपतियों सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। 2024 में, वैश्विक मंच पर देश के उत्थान को भारत की उल्लेखनीय प्रगति के बारे में प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा उजागर किया गया, तथा विश्व तेजी से देश को विकास इंजन, तकनीकी नवप्रवर्तक और स्थिरता में अग्रणी के रूप में मान्यता दे रहा है। पिछले कई वर्षों से वैश्विक नेताओं के बयान इस प्रशंसा की निरंतरता को प्रदर्शित करते हैं। उदाहरण के लिए 2021 में फर्स्ट सोलर के सीईओ मार्क विडमार ने कहा कि हर देश को वही करना चाहिए जो भारत जलवायु परिवर्तन के मामले में कर रहा है। 2017 में जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन ने कहा कि पीएम मोदी हमेशा बहुत ग्रहणशील होते हैं; वे खुले विचारों वाले और बहुत होशियार हैं। 2023 में हसन अल्लाम होल्डिंग्स के सीईओ हसन अल्लाम ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के निजी क्षेत्र में जबरदस्त (शेष पेज 2 पर)

# प्रदेश में कोहरे और कड़ाके की ठंड से होगा नए साल का आगाज

**भोपाल(काप्र)। मध्य प्रदेश में नए साल के साथ ही कड़ाके की सर्दी दस्तक देने को तैयार है। कुछ दिनों पहले हुई बारिश की गतिविधि से तापमान में बड़ी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ही अधिकतम तापमान भी कम हो गया है।**

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हाल ही में जबरदस्त बर्फबारी हुई है। वहां से आ रही सर्द हवाओं ने एक बार फिर ठिठुरन बढ़ा दी है। आगामी तीन से चार दिन तक रात के तापमान में गिरावट बनी रह सकती है। कई शहरों में शीतलहर चलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, साल 2024 की आखिरी रात मंगलवार को मालवा यानी, उज्जैन संभाग में कड़ाके की ठंड, कोल्ड डे और शीतलहर की स्थिति रही। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है। वहीं, आज मंगलवार सुबह ग्वालियर-चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में कोहरे का असर रहा। उज्जैन-रतलाम में आज कोल्ड-डे का अलर्ट है। वहीं, शाजापुर, नीमच, मंदसौर और आगर-मालवा में भी शीतलहर चलेगी। मंगलवार को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, सीधी, मैहर, मऊगंज, सिंगरौली, मंदसौर और नीमच में कोहरा रहेगा। शाजापुर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा में शीतलहर चलेगी। वहीं, उज्जैन और रतलाम में कोल्ड डे की स्थिति बनेगी। वहीं, 1 जनवरी को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी में हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा।



## बिहार में शीतलहर का कहर
## यूपी-दिल्ली में गलन भरी ठंड

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** उत्तर भारत में नए साल का आगाज कड़ाके की ठंड के बीच होने वाला है। दिल्ली, राजस्थान, यूपी, पंजाब जैसे राज्यों में सर्द हवाएं चल रही हैं। साल 2025 के आगमन का जश्न भी शीतलहर के साथ ही मनाया जाएगा। दिल्ली और यूपी में नए साल पर ठंडा दिन रहने के आसार हैं। वहीं बिहार में सर्द हवाएं ठंड को बढ़ाएंगी। हरियाणा और पंजाब में भी ठंड का सितम जारी है। आज भी दोनों राज्यों में तापमान सामान्य से नीचे जर्ज किया गया। आज हरियाणा का नारनौर और पंजाब का बठिंडा सबसे ठंडा स्थान रहा। दिल्ली में आज की सुबह का मौसम बहुत सर्द महसूस हुआ। दिन में भी ठंड का एहसास बरकरार रहा। हालांकि दिल्ली का न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से अधिक (शेष पेज 2 पर)

## खास-खबरें

### मोदी ने संस्कृत विद्वान फिलियोजात के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संस्कृत के जाने-माने विद्वान एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर पियरे सिल्वेन फिलियोजात का सोमवार को पेरिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार चल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री मोदी ने फ्रांसिसी मूल भारतीय संस्कृत विद्वान् एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर फिलियोजात के निधन पर शोक जताया है और कहा है कि संस्कृत के लोकप्रिय बनाये जाने के प्रयासों के लिये याद किये जायेंगे। डॉ. फिलियोजात मैसूर में रहते थे और उन्हें इलाज के लिये पेरिस ले जाया गया था, जहाँ उनका निधन हो गया।

### आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग बने मनोज श्रीवास्तव, आदेश जारी

**भोपाल(काप्र)।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव को 1 जनवरी, 2025 से छह वर्ष या 66 वर्ष की आयु पूर्ण होने, जो पहले हो, तक की अवधि के लिये आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग के पद पर नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा सदस्य, मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के पद से श्री श्रीवास्तव का त्यागपत्र 31 दिसम्बर 2024 को स्वीकृत कर लिया गया है।



# भाजपा कार्यालय में आम आदमी पार्टी के खिलाफ लगाई गई प्रदर्शनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तमाम राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विरोधी दलों की खामियां और अपनी खूबियां बता रही हैं। इसी क्रम में भाजपा ने कुछ अनूठा किया है। अपने कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई है। इसमें दिल्ली का वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, टूटी हुई सड़कें, शराब घोटाला सहित कई मुद्दों को हाईलाइट किया गया है।**

इस प्रदर्शनी में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर प्रदर्शनी लगाई गई है। भाजपा ने कथित घोटालों को उजागर किया है। आप के तीन कद्दावरों को भ्रष्टाचार के तीस मार खान करार दिया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जनता के लिए अरविंद केजरीवाल ने कुछ नहीं किया है। अब नई दिल्ली विधानसभा में अपनी कमजोर होती स्थिति देखकर वोटर लिस्ट के मुद्दे पर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। दिल्ली के निवासी जानते हैं कि सभी निवासियों के पहचान पत्र में मकान नंबर व स्थानीय पता दर्ज होता है, लेकिन केजरीवाल के राज में मकान संख्या 0 (शून्य) पर 144 वोटरों के नाम दर्ज होना चुनावी धांधली का स्पष्ट प्रमाण है।

## निमिषा को बचाने विधिसम्मत हरसंभव मदद दी जा रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमन में काम करने गई एक भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को हत्या के मामले में मौत की सज़ा को यमन के राष्ट्रपति द्वारा मंजूर किए जाने पर भारत सरकार ने आज आश्वासन दिया कि सुश्री प्रिया को बचाने के लिए उनके परिवार को विधिसम्मत विकल्पों के इस्तेमाल को लेकर हरसंभव मदद दी जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सुश्री निमिषा प्रिया के मामले के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हम यमन में सुश्री निमिषा प्रिया को सज़ा सुनाए जाने से अवगत हैं। हम समझते हैं कि सुश्री प्रिया का परिवार समुचित विकल्प तलाश रहा है।

# मोदी सरकार में गरीब-वंचित हैं मनुवाद के दंश से पीड़ित: खड़गे

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार को संविधान विरोधी बताते हुए कहा है कि उसके शासन में दलित, आदिवासी, पिछड़े तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार अत्याचार हो रहे हैं और गरीब तथा वंचितों को मनुवाद का दंश झेलना पड़ रहा है। श्री खड़गे कहा कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है। गरीबों तथा वंचितों के साथ हाल की घटनाओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा मध्य प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी जाती है और ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है। हरियाणा के भिवानी में दलित छात्रा को बीए परीक्षा की फीस न भर पाने पर आत्महत्या के (शेष पेज 2 पर)



# पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी: प्रियंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायनाड से सांसद और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को वायनाड भूस्खलन त्रासदी को गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित करने के लिए गृह मंत्रालय की सराहना की। इसे सही दिशा में उठाया गया कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे उन लोगों को काफी मदद मिलेगी, जिन्हें इसके दुष्परिणामों का सामना करना पड़ा है और पुनर्वास की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि मुझे खुशी है कि अमित शाह जी ने आखिरकार वायनाड त्रासदी को गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस सांसद ने आगे लिखा कि इससे पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी और यह निश्चित रूप से सही दिशा में एक कदम है। इस बीच, उन्होंने केंद्र से इसके लिए धन जारी करने का भी आग्रह किया।



# आतिशी-संजय के खिलाफ दायर करूंगा मानहानि का मामला: संदीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भारतीय जनता पार्टी से करोड़ों रुपये लेने के आरोप को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने का एलान किया है।**



श्री दीक्षित ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के कारण वह इस मुद्दे पर पहले संवाददाता सम्मेलन नहीं कर पाये, लेकिन अब वह आप के नेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस दौरान उन्होंने श्रीमती आतिशी से मुआवजे के तौर पर 10 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की और बताया कि इसमें से पांच करोड़ रुपये वह यमुना की सफाई में खर्च करेंगे। वहीं, पांच करोड़ रुपये का उपयोग दिल्ली के लोगों प्रदूषण की समस्या से निजात दिलाने पर करेंगे।

# रेलवे चलाएगा 3000 स्पेशल ट्रेनें, सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर मध्य रेलवे ने नौ प्रमुख स्टेशनों पर टिकटिंग व्यवस्था स्थापित की है, जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी, चेओकी, प्रयाग जंक्शन, सूबेदारगंज, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी शामिल हैं। लगभग 560 टिकटिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं जिनसे प्रतिदिन लगभग 1 मिलियन टिकट जारी होने की उम्मीद है। शीघ्र यात्रा योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए, टिकट 15 दिन पहले तक बुक किए जा सकते हैं। भारतीय रेलवे समेत विभिन्न विभागों में महाकुंभ 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर 13 जनवरी, 2025 को शुरू होने वाले इस कार्यक्रम ने बड़े पैमाने पर कार्यबल जुटाया है। लाखों भक्तों की आमद को प्रबंधित करने के लिए, भारतीय रेलवे ने 3,000 विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है, जिसमें रिंग रेल मार्ग पर 560 ट्रेनें शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे ने नौ प्रमुख स्टेशनों पर टिकटिंग व्यवस्था स्थापित की है, जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी, चेओकी, प्रयाग जंक्शन, सूबेदारगंज, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी शामिल हैं।

# पूरा साल बेहद खराब रहा, लोग मुझे क्षमा करें: बीरेन सिंह



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि यह पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। मुझे खेद है और मैं राज्य के लोगों से माफी मांगना चाहता हूं कि पिछले 3 मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे वाकई खेद है। मैं माफी मांगना चाहता हूं, अब, मुझे उम्मीद है कि पिछले 3-4 महीनों की शांति की प्रगति को देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि नए साल 2025 के साथ राज्य में सामान्य स्थिति और शांति बहाल हो जाएगी। मैं राज्य के सभी समुदायों से अपील करना चाहता हूं कि जो हुआ सो हुआ। हमें अब पिछली गलतियों को भूलना होगा और एक नई जिंदगी शुरू करनी होगी। एक शांतिपूर्ण मणिपुर, एक समृद्ध मणिपुर, हम सभी को एक साथ रहना चाहिए।

**स्पेशल खबर** *पुजारियों, ग्रंथियों की चिंता है, तो आतिशी मंत्रिमंडल में...*

# प्रस्ताव लाकर तुरंत करें योजना को लागू: बांसुरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी(आप) पर तुष्टिकरण राजनीति करने का आरोप लगाया है और कहा है कि यदि उन्हें पुजारियों और ग्रंथियों की चिंता है, तो मुख्यमंत्री आतिशी इसको लेकर मंत्रिमंडल में प्रस्ताव लायें और इस योजना को तुरंत लागू करें।**



नयी दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री केजरीवाल सिर्फ चुनावी जुमलों नहीं, बल्कि चुनावी छलावों के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुजारियों के लिये चुनावी वायदे करने से पहले से जिन इमामों को वेतन देते आये हैं, उन्हें पिछले 17 महीनों से वेतन दें। उन्होंने कहा कि इमाम वेतन के लिये आज जब उनके घर के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे, तो उनकी समस्या का निदान करने की बजाय अपनी सुरक्षा में लगी पंजाब पुलिस का डंडा उनके आगे कर दिया। भाजपा नेता ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले श्री केजरीवाल मानदेय देने की बात कहकर इमामों को टालते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पुजारियों और ग्रंथियों की चिंता है, तो इस समय दिल्ली में कोई चुनाव नहीं है और न ही चुनाव आचार संहिता लागू हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री आतिशी मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर प्रस्ताव लायें और मंत्रिमंडल से मंजूरी दिलवाकर इसे तुरंत लागू करें। उन्होंने कहा कि लेकिन श्री केजरीवाल ऐसा नहीं करेंगे, उन्हें तो सिर्फ चुनावी छलावा कहना है। उन्होंने (शेष पेज 2 पर)